फॉर्म भरकर जमा कराना भूले

बांसवाड़ा, (निसं)। गोविन्द गुरु जनजातीय विवि में सत्र 2024-25 के स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में एग्जाम फॉर्म ऑनलाइन भरने के बाद उसे कॉलेज में जमा नहीं करने से ऐसे विद्यार्थियों के एग्जाम फॉर्म अभी तक कॉलेज द्वारा फॉरवर्ड नहीं हो सके है। ऐसी स्थिति में ऐसे सभी विद्यार्थियों के परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकने की आशंका है।

परीक्षा नियंत्रक प्रो पंड्या ने बताया कि सत्र 2024-25 में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए फर्स्ट ईयर और एमए, एमएससी, एमकॉम प्रीवियस के दिसम्बर 2024 फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम के लिये ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक केवल 25 फीसदी विद्यार्थियों ने कॉलेज में फॉर्म जमा कराए हैं एवं 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सम्बंधित कॉलेज में फॉर्म जमा नहीं कराए हैं। विवि ने ऐसे सभी विद्यार्थियों को 29 नवम्बर तक फॉर्म जमा कराने का अंतिम अवसर दिया है। अंतिम तिथि तक फॉर्म को फॉरवर्ड करने के स्टेटस के आधार पर या तो विद्यार्थियों ने फॉर्म नहीं जमा कराए या महाविद्यालय द्वारा फॉर्म फॉरवर्ड नहीं हुए हैं।

शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों का संरक्षण जरूरी : गोयल

- अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल नेप्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर बताए

बांसवाड़ा, (निसं)। विद्यार्थी जीवन से ही शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों का संरक्षण आवश्यक है इसके लिए जीवन में समाज, शिक्षक एवं अभिभावकों के त्याग का सदैव स्मरण करते हुए जीवन मूल्यों का संरक्षण करे। उक्त उद्गार अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में जनजाति गौरव पखवाडा के तहत आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन मूल्यों का संरक्षण करते हुए शिक्षार्जन करें साथ ही अपने लक्ष्य का निर्धारण करते हुए आत्मविश्वास के साथ उपलब्धि अर्जित करने के लिए सजगता एवं जागरूकता के साथ मेहनत करे।

उन्होंने अपने स्कूली शिक्षा के समय के संस्मरण विद्यार्थियों से साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर बताए तथा लक्ष्य अर्जित करने के लिए मेहनत व आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढने के लिये प्रेरित किया। अध्यक्षता करते हुए गोविन्द गुरू विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रारलक्ष्मण परमार ने जनजाति गौरव पखवाडे के तहत भगवान बिरसा मुण्डा के 150वे जयंती समारोह के तहत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए जनजाति समुदाय की परम्पराओं, रीति रिवाजो की वर्तमान समय में प्रासंगिकता के तहत महत्व को निरूपित किया एवं जनजाति समुदाय की गौरवशाली परम्पराओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा, गोविन्द गुरू एवं मानगढ धाम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए आजादी के आन्दोलन में जनजाति समुदाय की भूमिका को विस्तार से बताया एवं जनजाति वर्ग की गौरवशाली परम्पराओं, रीति रिवाज आदि कं संरक्षण एवं संवर्धन का आव्हान किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा को आदिवासी समाज के संघर्ष, सम्मान और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक बताते हुए कहा कि बिरसा मुण्डा का राष्ट्र के लिए योगदान रहा है।

उन्होंने वागड में जनजाति समाज के उत्थान के लिए गोविन्द गुरू द्वारा लायी गयी क्रान्ति एवं जनजागरण की भी जानकारी दी। आरंभ में प्राचार्य माया सेमसन ने केन्द्र एवं राज्य सरकार के आदेशानुसार मनाए जा रहे जनजाति गौरव पखवाडे के आयोजन एवं जनजाति संस्कृति के नई पीढी में संवहन, परम्परा एवं रीति रिवाजों के संरक्षण एवं विद्यालय गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर नन्हें बालक-बालिकाओं ने आदिवासी संस्कृति पर आधारित लोकगीत की वाद्य यंत्रों की मधुर धुन के साथ प्रस्तुति दी। समारोह में व्याख्याता हीरालाल चरपोटा, अध्यापक दीपक गणावा, आनन्द आदि ने भगवान बिरसा मुण्डा, गोविन्द गुरू एवं जनजाति समुदाय की गौरवशाली परम्पराओं की जानकारी दी। स्काउट गाईड के छात्र बेण्ड वादन के साथ अतिथियों को समारोह स्थल लाये। संचालन वरिष्ठ अध्यापिका दक्षा उपाध्याय ने किया। जनजाति गौरव पखवाडे के तहत विद्यालय के टंकी परिसर में उप प्राचार्य सीमा अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक दीपक गणावा, आनन्द आदि ने भगवान बिरसा मुण्डा, गोविन्द गुरू आदि के जीवन मूल्यों एवं जनजाति समाज के सम्मान के लिए किए गए महान कार्यों से अवगत कराया। समारोह में नन्हें छात्र-छात्राओं ने जनजाति संस्कृति पर अधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

रक्तदान का दिया संदेश

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की ओर से राष्ट्रीय कैडेट कोर स्थापना सप्ताह का शुभारंभ किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि एनसीसी स्थापना दिवस पर छह दिवसीय गतिविधियां एनसीसी राइजिंग सेलिब्रेशन वीक के नाम से संबोधित कि गई। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ विनीता पालीवाल के मार्गदर्शन में छह दिवसीय एनसीसी वीक का शुभारंभ पौधारोपण के साथ किया गया। दूसरे दिन कैडेट्स ने वृद्धाश्रम जाकर बडे बुजुर्गों के प्रति नैतिकता और सम्मान की भावना रखते हुए बडे बुजुर्गों के साथ भजन, पुरानी कथाएं गाई एवं उन्हें फल इत्यादि खाने की सामग्री देकर उनके साथ अच्छा समय बिताया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। अंडर ऑफिसर कृष्णाकुमारी जाट, रिंकू परमार, सार्जेंट लेखा आमेटा, लेंस कॉरपोरल ऋतुराज सिसोदिया, कैडेट्स सुमन कुंवर गौड, कुसुम गुर्जर, सीमा गुर्जर, चंचल रेगर इत्यादि की उपस्थिति में तीसरे दिन कैडेट्स ने रैली निकाल कर द्वारकाधीश मंदिर के पिछले हिस्से और राजसमंद झील पर जाकर साफ-सफाई की।

सार-समाचार

आगजनी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या करने के मामले में आगजनी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार कल्याणपुर थाना पुलिस ने सुरेश पुत्र लालजी मीणा निवासी अमरपुरा, अशोक पुत्र लालजीमीणा निवासी अमरपुरा नई बस्ती, नवीन पुत्र गौतम मीणा, राजेन्द्र पुत्र लालजी मीणा निवासी अमरपुरा नई बस्ती, जीवली बाई पत्नी विनोद निवासी अमरपुरा की रिपोर्ट पर अर्जुन पुत्र लशु मीणा सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मकनों में आगजनी करने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 30 नवंबर को मेरा पुत्र राजेन्द्र अपने साथी सुनील पुत्र जयंति लाल व विक्रम पुत्र सुरेश के साथ बाजार से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते हिरा पुत्र रामा की दुकान के पास खड़े संदीप, सुरेश, बाबुलाल पुत्र कांतिलाल तथा अन्य लोगों ने मेरे पुत्र व साथियों पर हमला कर दिया था। जिससे मेरे पुत्र की मौत हो गई थी। इसका पता चलने पर हमला करने वाले फरार हो गए थे। मामले में आरोपी व साथियों ने सुरेश, अशोक, नवीन, राजेन्द्र, जीवली बाई के मकानों में आगजनी कर दी थी। मामले की जांच कल्याणपुर थानाधिकारी उम्मेदीलाल कर रहे है। इससे पूर्व हत्या के मामले में पुलिस आरोपी बाबुलाल पुत्र कांतिलाल निवासी अमरपुरा ऋषभदेव, संदिप उर्फ संदा पुत्र सुरेश निवासीअमरपुरा ऋषभदेव को गिरफ्तार कर चुकी है तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन कर चुकी है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला

उदयपुर, (कासं)। साईं तिरुपति यूनिवर्सिटी के पीआईएमएस-आईसीएस, उदयपुर के विफ्ट सेमिनार हॉल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर विशेष सत्र आयोजित किया। इस सत्र में मुख्य अतिथि आईआईटी प्रमाणित एआई विशेषज्ञ भास्कर गर्ग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स जानकारी दी और स्टूडेंट्स के प्रश्नो का समाधान किया। प्रारंभ में भास्कर गर्ग का स्वागत पीआईएमएस-आईसीएस के विभागाध्यक्ष देवर्षि मेहता और प्रधानाचार्या विप्रा सुखवाल ने सम्मानित किया। चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने कहा कि एआई तकनीक आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सहायक साबित हो रही है। कॉलेज की निदेशक डॉ. रिमझिम गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी फैकल्टी सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

डॉ. अतुल लुहाडिया अवार्ड से सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के टी.बी एंड चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.अतुल लुहाडिया को कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित देश की सबसे बडी राष्ट्रीय चेस्ट सम्मेलन नैपकोन में नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियंस (एन.सी.सी.पी.)की फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया। एन.सी.सी.पी. ने, जो की देश की सबसे पुरानी चेस्ट सोसायटी है, टी.बी एवं चेस्ट क्षेत्र में विशेष कार्य करने पर पूरे देश के विभिन्न राज्यों से चार चेस्ट फिजिशियंस को फेलोशिप अवार्ड के लिए चुना एवं सम्मानित किया। ये अवार्ड एन.सी.सी.पी. के अध्यक्ष डॉ. टी मोहन कुमार, सचिव डॉ.एस.एन.गौड,संयुक्त सचिव डॉ. निखिल सारंगधर द्वारा दिया।

फाइनेंसकर्मी से नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। फाईनेंस कर्मी को धमका कर नकदी लूटने वाले चार बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित लालसिंह राठौड़ पुत्र ओमसिंह राठौड़ निवासी करावली पटकुआ गीगला सलूम्बर ने अज्ञात चार बदमाशों के खिलाफ प्रकरण गोवर्धन विलास पुलिस थाने में दर्ज करवया। जिसमें पीडित ने बताया कि ईटीओस स्माल फाईनेंन्स बैक प्रा. लि. में काम करता हूं। 22 नवंबर दौपहर में मैं बाइक पर समूहों से कलेक्शन 1 लाख 8 हजार रूपये लेकर टीडी से उदयपुर की तरफ लौट रहा था। जहां बीच रास्ते बारापाल तालाब के सामने मिले चार बदमाशों ने मुझे रोका तथा धमका कर नकदी से भरा बैग छीन ले गए। इसकी सूचना पुलिस को कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई प्रदीप कुमार कर रहे है।

नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उधार की नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित पुरूषोत्तम नागदा पुत्र रूपलाल नागदा निवासी बिछडी हाल नागदा मिष्ठान भंडार सूरजपोल ने देवीलाल डांगी नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आवश्यकता होने पर आरोपी को 2020 में 4 लाख 50 हजार रूपये उधार दिए थे। उगाही करने पर टालमटोल करना शुरू कर दिया। इस पर दिए गए चैक बैंक में प्रस्तुत किया तो टाईमबार होने की जानकारी सामने आई। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

कार चोरी

उदयपुर, (कासं)। भुपालपुरा थाना पुलिस ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हांल कम्पनी टेंट मोटर्स वर्कशॉप बांस गली देहलीगेट निवासी प्रदीप श्रीमाली पुत्र देवीलाल ब्राह्मण की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 20 नवंबर को बांस गली देहलीगेट में कार खड़ी की। कुछ देर बाद मौके पर जाकर देखा तो कार गायब थी। इधर उधर तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जिले की स्पेशल टीम लाइन हाजिर

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने आदेश जारी कर जिला पुलिस की स्पेशल टीम को लाईन हाजिर किया। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधों की रोकथाम एवंअपराधियों की धरपकड़ के लिए नये अधिकारियों व नई तकनीकी के साथ दुबारा स्पेशल टीम का गठन किया जाएगा। इसी के चलते पुरानी टीम को लाईन हाजिर किया है। जिसमें अधिकारियों सहित 20 सदस्य थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अग्रणी भूमिका पर की चर्चा

- कलपति ने कहा सुविवि केन्द्रीय विवि के सभी मापदण्डों को पूरा करता है, इसे केन्द्रीय दर्जा दिलाने के लिए प्रयास जारी हैं

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया ने एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से न केवल समय, तनाव, व प्रबंधन के महत्व पर विचार विमर्श किया, बल्कि भविष्य की दिशा स्पष्ट की।

विवि की कुलपति प्रोसुनीता मिश्रा ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा सुखाडिया विवि केन्द्रीय विवि के सभी मापदण्डों को पूरा करता है और इसे केन्द्रीय दर्जा दिलाने के लिए प्रयास जारी हैं। कार्यशाला में कुलपति ने कर्मचारियों को निष्ठा, समय प्रबंधन और तत्परता के साथ कार्य करने काआव्हान किया। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन और छात्रों के प्रमाण पत्र एनएडी पर अपलोड करने में सुखाडिया विवि राज्य में अग्रणी है। कार्यशाला की शुरुआत परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश चन्द्र कुमावत द्वारा अतिथियों के स्वागत और उद्देश्यों पर प्रकाश डालने से हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव और समय प्रबंधन की आवश्यकता को समझना और व्यावहारिक जीवन में इसे अपनाना अनिवार्य हो गया है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रो. आनंद पालीवाल ने जीवन के विभिन्न पहलुओं-परिवार, करियर और तनाव-में सामंजस्य बनाने के उपायों पर चर्चा की। मुख्य वक्ता डॉ. सुरेन्द्र छंगानी ने समय, तनाव, और प्रबंधन की वास्तविकता और इसे सही दिशा में ले जाने के उपायों पर गहन जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. वी.सी. गर्ग ने कहा कि विवि की चुनौतियों का समाधान करने में शैक्षणिक कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। कार्यशाला में लगभग 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ. जी.एल. वसीटा, प्रोग्रामर डॉ. एन.के. पारीख, सहायक कुलसचिव मांगीलाल भील सहित कई अन्य शामिल थे।

हिंदुस्तान जिंक की सखी पहल से सशक्त हो रही ग्रामीण व आदिवासी महिलाएं

उदयपुर/राजसमंद, (कासं)। मैंने कभी सोचा भी नही था कि मैं स्वयं को सशक्त करने के लिए देखे हुए सपनों को साकार कर, अपना जीवन खुद संवार सकती हूं, लेकिन आज, सखी की बदौलत, मैं न केवल आत्मनिर्भर हूं, बल्कि दूसरी महिलाओं को अपने सपनों पर विश्वास करने और स्वयं का भविष्य खुद बनाने के लिए प्रेरित कर रही हूं, यह बात कहते हुए जावर गांव की सखी शक्ति समिति की फेडरेशन की प्रबंधक मंजू मीणा के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ देखा जा सकता है। वह हिंदुस्तान जिंक के प्रमुख महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सखी पहल के माध्यम से राजस्थान के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनने वाली 25 हजार महिलाओं में से एक हैं।

भीलवाड़ा गुलाबपुरा आगुचा की सुरक्षा सखी विजयश्री वैष्णव भी बदलाव और सफलता का उदाहरण हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए विशेष जांच इकाई द्वारा सम्मानित विजयश्री ने कठिनाई में महिलाओं और बच्चों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सखी पहल को आगे बढाने वाले समर्पण और साहस को दर्शाता है। इन्ही की तरह लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, खान मंत्रालय द्वारा परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित पांच सखी महिलाओं और समुदाय के लिए गौरव की बात थी जिनका आने वाली पीढियों के लिए वें प्रतिनिधित्व कर रही थीं। हाल ही में सखी की उपलब्धियों को फिक्की महिला कार्यबल शिखर सम्मेलन में सम्मानित कियाजहां तारा राणावत और आशा कुंवर ने परिवर्तन की अपनी यात्रा साझा की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे मात्र 20 रूपयों की मामूली बचत से लघू उद्यम विकसित हुए, जिसका उदाहरण दाइची और उपाय जैसे ब्रांड हैं।

हिन्दुस्तान जिंक द्वारा राजस्थान के 7 जिलों एवं उत्तराखंड के पंतनगर सहित 200 गावों में 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत् संचालित सखी पहल के तहत25 हजार से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है। सखी परियोजना को ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोडने और एक ऐसा मंच विकसित करने की दृष्टि से शामिल किया था जो ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करता है। एसएचजी के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण न केवल व्यक्तिगत महिलाओं को बल्कि विकास के लिए सामूहिक प्रयास के माध्यम से पूरे परिवार और समुदाय के लिए भी लाभदायक साबित हो रहा है।

सखी पहल के तहत् उठोरी कार्यक्रम में ने 170 राजकीय विद्यालयों और 110 गांवों में 2 लाख से अधिक व्यक्तियों तक पहुँच कर उन्हें बाल विवाह, लैंगिक हिंसा, मासिक धर्म स्वच्छता और उत्पीडन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर जागरूक किया हैं। आर्थिक सशक्तीकरण को बढावा देने में प्रमुख बैंकों के माध्यम से 4.75 करोड रुपये के क्रेडिट लिंकेज के साथ, 270 से अधिक स्वयं सहायता समूहों ने अपनी आजीविका गतिविधियों का विस्तार किया है। सामूहिक रूप से, सखी सदस्यों ने 20 करोड रुपये से अधिक की बचत की है, जबकि अंतर-ऋण 10 करोड रुपये से अधिक हो गया है। हाल ही में, 40 सखी महिलाओं ने पुणे के सारथी महासंघ के एक्सपोजर दौरे में भाग लिया, जहाँ उन्होंने वित्तीय प्रबंधन और संस्था निर्माण में के बारें में जानकारी ली। ये महिलाएं अपने फैडरेशन को मजबूत करने और अपने समुदायों को प्रेरित करने के लिए आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर लौटीं। राजस्थान और उत्तराखंड में अपने संचालन क्षेत्र के 3,700 से अधिक गांवों में सकारात्मक सामाजिक बदलाव को सुनिश्चित कर रही हिंदुस्तान जिंक भारत की शीर्ष सीएसआर कंपनियों में से एक है। हिंदुस्तान जिंक की सामुदायिक विकास पहल महिला सशक्तिकरण के साथ ही शिक्षा, खेल, युवा कौशल निर्माण, सस्टेनेबल कृषि और ग्रामीण विकास के माध्यम से 20 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित कर रही है।

न्यायाधिपति अली व कुलदीप माथुर पहुंचे कोर्ट परिसर

- जिला एवं सेशन जज की अगुवाई में सभी न्यायिक अधिकारी ने किया स्वागत
- न्यायालय परिसर का अवलोकन किया

राजसमंद, (निसं)। उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधिपति फरजंद अली और न्यायाधिपति कुलदीप माथुर ने शनिवार को शहर के सौ फीट रोड स्थित भिक्षु निलयम में आयोजित बार एसोसिएशन के सेमिनार में भाग लिया। इससे पहले दोनों अतिथियों का जिला न्यायालय परिसर में स्वागत किया गया।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल के नेतृत्व में बैठक हॉल में सभी न्यायिक अधिकारियों ने दोनों न्यायाधिपतियों का अभिनंदन किया। न्यायाधिपति फरजंद अली और न्यायाधिपति कुलदीप माथुर ने न्यायिक अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विभिन्न कानूनी व प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने न्यायालय परिसर का भी अवलोकन किया। जिला एवं सेशन जज काछवाल ने उन्हें न्यायालय परिसर में चल रहे कार्यों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इसके बाद बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेमिनार में दोनों न्यायाधिपतियों ने अपने विचार व्यक्त किए और कानून, न्याय और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर चर्चा की। उनके विचारों और मार्गदर्शन से उपस्थित अधिवक्ताओं को प्रेरणा मिली। यह कार्यक्रम न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और सेमिनार के अन्य प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित हुआ। इस दौरान एमएसीटी कोर्ट न्यायाधीश अश्वनी कुमार यादव, पॉक्सो कोर्ट न्यायधीश पूर्णिमा गौड, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ओझा, सीजेएम ममता सैनी, एससी-एसटी कोर्ट न्यायधीश अभिलाषा शर्मा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में पॉच दिवसीय आवासीय पशुधन सहायक कृत्रिम गर्भाधान प्रत्यास्मरण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ।

संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि पशुधन सहायक प्रजनन नीति के अनुरूप नस्ल सुधार कार्यक्रम को कियान्वित कर पशु उत्पादन में वृद्धि एवं पशुपालकों को लाभांवित करने का प्रयास करें। कार्यक्रम में उदयपुर एवं कोटा संभाग के चयनित 22 पशुधन सहायकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में डॉ. शरद अरोडा, डॉ. चन्द्रशेखर वैष्णव, डॉ. दिनेश झाम्ब, डॉ. महेन्द्र मेहता, डॉ. सुभाष, डॉ. योगेश, डॉ. हंस कुमार जैन, डॉ. सविता मीणा, डॉ. लक्ष्मी लाल, डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. पद्मा मील, चन्द्रशेखर, पन्नालाल शर्मा आदि ने सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया।

'अपाहिज बचपन' नामक नाटक का मंचन

उदयपुर, (कासं)। सामाजिक मुद्दों पर अपनी मजबूत पकड़ और संवेदनशील दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध टीम संस्था ने 'अपाहिज बचपन' नामक नाटक का मंचन किया। यह नाटक समाज में बच्चों के अधिकारों की अनदेखी, उनकी तकलीफों और शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों को उजागर करता है। समाज में बच्चों के अधिकारों और उनकी चुनौतियों को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु इस नाटक में बच्चों की पीड़ा, उनकी समस्याएं और समाज द्वारा उपेक्षित मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

'अपाहिज बचपन' की कहानी उन मासूम बच्चों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका बचपन गरीबी, बाल श्रम, शिक्षा की कमी और सामाजिक असमानता के कारण बर्बाद हो जाता है। नाटक ने भावनात्मक दृश्यों और सशक्त संवादों के माध्यम से दर्शकों के मन को झकझोर दिया।

नाटक का निर्देशन व लेखन सुनील टांक के द्वारा किया गया। जिन्होंने संवेदनशील विषय को गहराई से उभारते हुए दर्शकों के दिलों को छू लिया कलाकारों ने अपने अद्भुत अभिनय से नाटक को जीवंत बना दिया। मंच पर प्रस्तुत हर दृश्य ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्रति समाज की संवेदनहीनता को समाप्त करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूकता फैलाना था।

जीव से लेकर शिव तक शक्ति प्रदान करती है मां गायत्री : उत्तम स्वामी

- संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि गायत्री परिवार में बिना भेदभाव के सभी कार्य एक जाजम पर होते हैं

बांसवाड़ा, (निसं)। जीव से लेकर शिव तक शक्ति प्रदान करने वाली गायत्री माता है जो वास्तव में चालक, वाहक, पालक और संहारक है। उक्त उद्गार ध्यानयोगी महर्षि उत्तम स्वामी महाराज ने महाराणा प्रताप सर्कल स्थित गायत्री शक्तिपीठ के भूमि पुजन समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि वाल्मीक ने भी रामायण में गायत्री मंत्र का उपयोग किया।

उन्होंने कहा कि एक तरफ संसार है तो दूसरी तरफ साधना। संसार में रहकर साधना की जाती है लेकिन जब उसमें स्वार्थ जुड जाता है तो सिद्धि का दुरुपयोग होता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को हर कोई गाली देकर चला जाता है और हम सहिष्णु बनकर मौन मुख रह जाते हैं ऐसे में हमें जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि 365 दिन में से 350 दिन परिवार को दो लेकिन 15 दिन भारत माता और सनातन धर्म को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अन्य लोगों के पास बैठकर चर्चा करनी चाहिए ताकि वे भी हमारे धर्म के मूल को समझ सके। इस अवसर पर बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि गायत्री परिवार में बिना भेदभाव के सभी कार्य एक जाजम पर होते हैं यह शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक धार्मिक कार्य में उत्तम स्वामी महाराज का सहयोग और आशीर्वाद बना रहता है। इससे पूर्व पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ व पं. कीर्तिश भट्ट के आचार्यत्व में कुर्म शिला पूजन विधान के साथ हुआ। सभी श्रद्धालु वज्र चिन्ह को पीले वस्त्र, शक्ति चिन्ह को लाल, दंड चिन्ह को काले, खड्ग चिन्ह को हरे, पाश चिन्ह को सफेद, अंकुश चिन्ह को गुलाबी, गदा चिन्ह को सफेद व त्रिशूल चिन्ह को सफेद वस्त्र में लिये वातावरण को दिव्य बना रहे थे। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के घनश्याम पालीवाल, रामबाबा, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवत पुरी व विनोद अग्रवाल अतिथि के रुप में मौजूद रहे। मुख्य ट्रस्टी हरभगवान ढींगरा ने भावुक होते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन उप जॉन प्रभारी भूपेन्द्र पंड्या ने किया जबकि आभार मनोहरलाल जोशी ने माना। विधान में पुष्पेंद्र पंड्या, जिला संयोजक सुरेश जोशी, रूद्रदीप गौतम, विजयपाल सिंह, हीरालाल पंचाल, रमेश वाधवा, हंसमुख पंचाल, सुभाष कौशल, जयप्रकाश द्विवेदी, आशा द्विवेदी, अंजू चौधरी, ललित द्विवेदी, तुलसीराम जोशी सहित गायत्री परिवारजनों ने समारोह को दिव्यता प्रदान की। यजमान डॉ. युधिष्ठिर त्रिवेदी, दिलीप आचार्य, राजेश भावसार, कमलेश दोसी, जयंत शुक्ला, प्रदीप त्रिवेदी, गोपाल कृष्ण पुरोहित, कन्हैया लाल वैष्णव, डॉ. सुंदरलाल पांचाल ने कुर्म शिलाएं स्थापित की।

बदमाशों ने स्कूल के पोषाहार पर बोला धावा

कपासन, (निसं)। बदमाशों ने स्कूल के पोषाहार में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर पोषाहार के ताले तोड़ कर दो गैस सिलेंडर, 7 क्विंटल गेहूं, दो क्विंटल चावल ओर साउंड मशीन मय स्पीकर आदि चुरा कर ले गए। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।

क्षेत्र के गांव बाबरिया खेड़ा में मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में बीती रात बदमाशों ने चार कमरों के ताले तोड़े कर समान चुरा ले गए। आज सुबह गांव वासियों को इस स्कूल के कमरों के ताले टूटे हुए दिखाई दिए। उन्होंने स्कूल की प्रधानाचार्य मैडम संजू टेलर को इसकी जानकारी दी। जिस पर वो स्कूल पहुंची और ग्रामीणों के साथ स्कूल के कमरों को देखा।प्रधानाचार्य टेलर बताया कि बदमाशों ने स्कूल के ऑफिस, पोषाहार के कमरे सहित कुल चार कमरों के ताले तोड़े। स्कूल के ऑफिस में अलमारियों आदि की तलाशी ली और वहां रखी साउंड मशीन और दो बड़े स्पीकर चुरा लिए। साथ ही पोषाहार के कमरे में रखे थे। एलपीजी के दो सिलेंडर, लगभग 7 क्विंटल गेहूं, दो क्विंटल चावल सहित दाले आदि समान चुरा ले गए। वहां पेटियों में रखा समान भी बिखेर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष शिव कुमार जोशी, कैलाश शर्मा,, देवीलाल वैष्णव, वार्ड पंच राजेंद्र भील आदि भी मौके पर पहुंचे।

GRAM PANCHAYAT KHENGRO KI BHAGAL, PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)
LETTER NO.: KKB/2024-25/123 DATE: 21.11.2024
E-TENDER NOTICE
E-Tender Notice are invited for works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in/.
UBN NO. - ZUD2425WSOB01697
ZUD2425WSOB01698
SARPANCH
G.P. KHENGRO KI BHAGAL
P.S. GIRWA